# न्यायालय अपर जिला कलक्टर (द्वितीय) जोधपुर
## पीठासीन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह पुरोहित आर.ए.एस.

**सप्लाई विविध प्रकरण संख्या : 07/2023**

| प्रार्थी | बनाम | अप्रार्थीगण |
|---|---|---|
| राज्य सरकार जरिये प्रवर्तन निरीक्षक<br>जिला रसद कार्यालय, प्रथम<br>जोधपुर | | लादूराम पुत्र श्री बिरदाराम<br>सुनील पुत्र श्री पांचाराम<br>निवासी हरिओम नगर माता का थान<br>जोधपुर |

**प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 6-ए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 सपठित द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय व वितरण का विनियमन) आदेश 2000**

उपस्थितिः –
1. प्रार्थी की ओर से विभागीय पेरोकार महिमा जैन प्रवर्तन निरीक्षक जिला रसद कार्यालय, प्रथम जोधपुर उपस्थित।
2. अप्रार्थीगण अनुपस्थित।

## निर्णय

दिनांक 21.10.2024

प्रार्थी राज्य सरकार जरिये प्रवर्तन निरीक्षक, जिला रसद कार्यालय प्रथम जोधपुर की ओर से प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 6-ए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 सपठित द्रवित पेट्रोलियम गैस (वितरण एवं प्रदाय नियन्त्रण) आदेश 2000 के अन्तर्गत अप्रार्थी लादूराम पुत्र श्री बिरदाराम निवासी हरिओम नगर माता का थान जोधपुर के विरूद्ध यह प्रकरण जब्तसुदा 31 घरेलु गैस सिलेण्डर, 02 व्यावसायिक गैस सिलेण्डर व 16 छोटे 5 किलो के गैस सिलेण्डर, 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 1 रिफलिंग नोजल और 2 छोटे कांटे को राज्यसात करने हेतु इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 06.01.2023 को थानाधिकारी माता का थान जोधपुर द्वारा प्राप्त सूचना पर जिला रसद अधिकारी के मौखिक आदेशानुसार हरिओमनगर माता का थान जोधपुर में मय टीम द्वारा मैसर्स वैष्णोदेवी एच.पी.गेस एजेन्सी के ... श्री बिरदाराम व सुनील पुत्र श्री पांचाराम द्वारा घरेलु/व्यावसायिक गैस ... में अवैध रूप से

Signature Not Verified
Digitally signed by Surendra Singh Purohit
Date: 2024.12.17 16:22:16 IST
Reason: SelfAttested



अपर जिला कलक्टर (द्वितीय)
जोधपुर

रिफलिंग करते हुए पाए गए। मौके पर मैसर्स वैष्णोदेवी एच.पी.गैस एजेन्सी का गेट पास संख्या 135 दिनांक 06.01.2023 जिस पर भरे हुए 30 घरेलु गैस सिलेण्डरों का विवरण मिला। लादूराम व सुनील के पास में 31 घरेलु गैस सिलेण्डर, 02 व्यावसायिक गैस सिलेण्डर व 16 छोटे 5 किलो के गैस सिलेण्डर, 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 1 रिफलिंग नोजल और 2 छोटे कांटे मिले जिनका विवरण इस प्रकार है:-

| क्र. स. | गैस कम्पनी का नाम | एस.आर.नम्बर | सिलेण्डर का वजन | कुल वजन | गैस का वजन (किलो में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | HP | 537499 | 19.600 कि.ग्रा. | 16.600 कि.ग्रा. | 0.00 |
| 2. | HP | 050859 | 19.100 कि.ग्रा. | 38.000 कि.ग्रा. | 18.900 कि.ग्रा. |
| 3. | HP | 196719 | 15.900 कि.ग्रा. | 28.100 कि.ग्रा. | 12.200 कि.ग्रा. |
| 4. | HP | 506226 s | 16.000 कि.ग्रा. | 28.400 कि.ग्रा. | 12.400 कि.ग्रा. |
| 5. | HP | 323627 T | 16.000 कि.ग्रा. | 30.140 कि.ग्रा. | 14.400 कि.ग्रा. |
| 6. | HP | 310397 (S) | 16.500 कि.ग्रा. | 29.100 कि.ग्रा. | 12.600 कि.ग्रा. |
| 7. | HP | 453595 S | 15.930 कि.ग्रा. | 14.200 कि.ग्रा. | 14.200 कि.ग्रा. |
| 8. | HP | 168923 S | 16.200 कि.ग्रा. | 28.900 कि.ग्रा. | 12.700 कि.ग्रा. |
| 9. | HP | 125566 F | 16.000 कि.ग्रा. | 30.200 कि.ग्रा. | 14.200 कि.ग्रा. |
| 10. | HP | 923811 T | 15.700 कि.ग्रा. | 29.900 कि.ग्रा. | 14.200 कि.ग्रा. |
| 11. | HP | 888015 T | 15.900 कि.ग्रा. | 29.700 कि.ग्रा. | 14.000 कि.ग्रा. |
| 12. | HP | 529143 S | 15.800 कि.ग्रा. | 30.000 कि.ग्रा. | 14.200 कि.ग्रा. |
| 13. | HP | 250840 S | 15.900 कि.ग्रा. | 30.100 कि.ग्रा. | 14.200 कि.ग्रा. |
| 14. | HP | 840557 T | 15.800 कि.ग्रा. | 30.000 कि.ग्रा. | 14.200 कि.ग्रा. |
| 15. | HP | 260960 T | 15.800 कि.ग्रा. | 30.000 कि.ग्रा. | 14.200 कि.ग्रा. |
| 16. | HP | 05999 J | 16.200 कि.ग्रा. | 30.400 कि.ग्रा. | 14.200 कि.ग्रा. |
| 17. | HP | 185361 | 16.200 कि.ग्रा. | 30.400 कि.ग्रा. | 14.200 कि.ग्रा. |
| 18. | HP | 781486 T | 16.000 कि.ग्रा. | 30.200 कि.ग्रा. | 14.200 कि.ग्रा. |
| 19. | HP | 331988 T | 15.900 कि.ग्रा. | 30.100 कि.ग्रा. | 14.200 कि.ग्रा. |
| 20. | HP | 304214 S | 15.800 कि.ग्रा. | 30.000 कि.ग्रा. | 14.200 कि.ग्रा. |
| 21. | HP | 103349 S | 15.700 कि.ग्रा. | 15.700 कि.ग्रा. | 0.00 |
| 22. | HP | 245624 | 16.400 कि.ग्रा. | 16.400 कि.ग्रा. | 0.00 |
| 23. | HP | 704229 S | 15.400 कि.ग्रा. | 15.400 कि.ग्रा. | 0.00 |
| 24. | HP | 310338 S | 16.000 कि.ग्रा. | 16.000 कि.ग्रा. | 0.00 |
| 25. | HP | 489000 T | 17.300 कि.ग्रा. | 17.300 कि.ग्रा. | 0.00 |
| 26. | HP | 35748 T | 15.500 कि.ग्रा. | 15.500 कि.ग्रा. | 0.00 |
| 27. | HP | 15428 | 15.900 कि.ग्रा. | 30.900 कि.ग्रा. | 15.000 कि.ग्रा. |
| 28. | HP | 146825 P | 16.000 कि.ग्रा. | 30.200 कि.ग्रा. | 14.200 कि.ग्रा. |
| 29. | HP | 291872 F | 16.400 कि.ग्रा. | 30.400 कि.ग्रा. | 14.000 कि.ग्रा. |
| 30. | HP | 803373 T | 16.100 कि.ग्रा. | 30.100 कि.ग्रा. | 14.000 कि.ग्रा. |
| 31. | HP | 800866 S | 16.100 कि.ग्रा. | 30.100 कि.ग्रा. | 14.000 कि.ग्रा. |
| 32. | HP | 993303 S | 15.900 कि.ग्रा. | 30.100 कि.ग्रा. | 14.200 कि.ग्रा. |
| 33. | HP | 188969 T | 15.800 कि.ग्रा. | 30[illegible] कि.ग्रा. | 14.200 कि.ग्रा. |

Signature Not Verified

Digitally signed by Surendra Singh Purohit
Date: 2024.12.17 16:22:16 IST
Reason: SelfAttested

अपर जिला कलक्टर (द्वितीय) जोधपुर

| 5 किलो के सिलेण्डरों का विवरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. स. | गैस कम्पनी का नाम | एस.आर.नम्बर | सिलेण्डर का वजन | कुल वजन | गैस का वजन (किलो में) |
| 1. | HP | 19904 t | 8.400 कि.ग्रा. | 13.400 कि.ग्रा. | 5.000 कि.ग्रा. |
| 2. | HP | 81785 s | 8.300 कि.ग्रा. | 13.300 कि.ग्रा. | 5.000 कि.ग्रा. |
| 3. | HP | 123489 u | 8.600 कि.ग्रा. | 13.600 कि.ग्रा. | 5.000 कि.ग्रा. |
| 4. | HP | 13768 t | 8.400 कि.ग्रा. | 13.400 कि.ग्रा. | 5.000 कि.ग्रा. |
| 5. | HP | 155811 e | 8.900 कि.ग्रा. | 13.900 कि.ग्रा. | 5.000 कि.ग्रा. |
| 6. | HP | 30080 s | 8.100 कि.ग्रा. | 13.100 कि.ग्रा. | 5.000 कि.ग्रा. |
| 7. | HP | 29962 st | 8.200 कि.ग्रा. | 13.200 कि.ग्रा. | 5.000 कि.ग्रा. |
| 8. | HP | 62415 d | 8.600 कि.ग्रा. | 13.600 कि.ग्रा. | 5.000 कि.ग्रा. |
| 9. | HP | 39919 q | 8.500 कि.ग्रा. | 8.500 कि.ग्रा. | 0.00 |
| 10. | HP | 1654787 s | 8.400 कि.ग्रा. | 8.400 कि.ग्रा. | 0.00 |
| 11. | HP | 32810 s | 8.200 कि.ग्रा. | 13.200 कि.ग्रा. | 5.000 कि.ग्रा. |
| 12. | HP | 113138 u | 8.700 कि.ग्रा. | 8.700 कि.ग्रा. | 0.00 |
| 13. | HP | 0588 t | 8.500 कि.ग्रा. | 13.500 कि.ग्रा. | 5.000 कि.ग्रा. |
| 14. | HP | 5870 t | 8.500 कि.ग्रा. | 13.500 कि.ग्रा. | 5.000 कि.ग्रा. |
| 15. | HP | 15600 j | 8.600 कि.ग्रा. | 13.600 कि.ग्रा. | 5.000 कि.ग्रा. |
| 16. | HP | 30193 s | 8.100 कि.ग्रा. | 13.100 कि.ग्रा. | 5.000 कि.ग्रा. |
| 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 01 रिफलिंग नोजल और 02 छोटे कांटे | | | | | |

उक्त 31 घरेलु गैस सिलेण्डर, 02 व्यावसायिक गैस सिलेण्डर व 16 छोटे 5 किलो के गैस सिलेण्डर, 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 1 रिफलिंग नोजल और 2 छोटे कांटे को जब्त सरकार किया जाकर श्री जयकिशन पुत्र श्री हनुमानराम उम्र 42 वर्ष जाति विश्नोइ हाल ड्राईवर मारवाड़ गेस एजेन्सी को सुपुर्द किया गया। इस प्रकार अप्रार्थी द्वारा उक्त 31 घरेलु गैस सिलेण्डर, 02 व्यावसायिक गैस सिलेण्डर व 16 छोटे 5 किलो के गैस सिलेण्डर, का अवैध रूप से रिफलिंग करते पाया गया जो कि द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण का विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है। अतः प्रार्थी द्वारा धारा 6(ए) के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर जब्त उक्त 31 घरेलु गैस सिलेण्डर, 02 व्यावसायिक गैस सिलेण्डर व 16 छोटे 5 किलो के गैस सिलेण्डर, 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 1 रिफलिंग नोजल और 2 छोटे कांटे को राज्यसात् किये जाने की प्रार्थना की गई।

अप्रार्थीगण बावजूद नोटिस तामिल अनुपस्थित रहने पर प्रार्थी विभागीय पेरोकार की एकपक्षीय बहस सुनी गयी। प्रार्थी की ओर से विभागीय पेरोकार महिमा जैन प्रवर्तन निरीक्षक ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि अप्रार्थी द्वारा वक्त जांच मौके पर एच.पी. गैस के 31 घरेलु गैस सिलेण्डर, 02 व्यावसायिक गैस सिलेण्डर व 16 छोटे 5 किलो के गैस सिलेण्डर, 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 1 रिफलिंग नोजल और 2 छोटे कांटे पाये गये जिनका सिलेण्डरों

Signature Not Verified
Digitally signed by Surendra Singh Purohit
Date: 2024.12.17 16:22:16 IST
Reason: SelfAttested

अपर जिला कलक्टर (द्वितीय)
जोधपुर

से अवैध रिफलिंग कार्य किया जा रहा था। ऐसी स्थिति में अप्रार्थी द्वारा उक्त 31 घरेलु गैस सिलेण्डर, 02 व्यावसायिक गैस सिलेण्डर व 16 छोटे 5 किलो के गैस सिलेण्डर का अवैध रूप से रिफलिंग किया जाने से आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 का स्पष्ट रूप से उल्लंघन किया गया है जिसके कारण जब्त उक्त 31 घरेलु गैस सिलेण्डर, 02 व्यावसायिक गैस सिलेण्डर व 16 छोटे 5 किलो के गैस सिलेण्डर, 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 1 रिफलिंग नोजल और 2 छोटे कांटे को राज्यसात किये जाने के आदेश प्रदान करने का निवेदन किया गया।

हमने विभागीय पेरोकार की एकपक्षीय बहस पर मनन एवं प्रकरण में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र अनुसार वक्त जांच मौके पर उक्त 31 घरेलु गैस सिलेण्डर, 02 व्यावसायिक गैस सिलेण्डर व 16 छोटे 5 किलो के गैस सिलेण्डर, 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 1 रिफलिंग नोजल और 2 छोटे कांटे पाये गये जिसके संबंध में अप्रार्थी द्वारा अवैध रूप से रिफलिंग करते पाया गया जो कि द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय व वितरण का विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लघंन है तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम,1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है। अतः प्रार्थी सरकार जरिये प्रवर्तन निरीक्षक जिला रसद कार्यालय प्रथम जोधपुर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा जब्तसुदा उक्त 31 घरेलु गैस सिलेण्डर, 02 व्यावसायिक गैस सिलेण्डर व 16 छोटे 5 किलो के गैस सिलेण्डर, 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 1 रिफलिंग नोजल और 2 छोटे कांटे को राज्यसात करने का आदेश दिया जाता है। जिला रसद अधिकारी प्रथम जोधपुर को निर्देशित किया जाता है कि जब्तसुदा 31 घरेलु गैस सिलेण्डर, 02 व्यावसायिक गैस सिलेण्डर व 16 छोटे 5 किलो के गैस सिलेण्डर, 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 1 रिफलिंग नोजल और 2 छोटे कांटे का नियमानुसार निस्तारण किया जाकर राशि राज्य कोष में जमा कराई जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील तामिल दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 21.10.2024 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

जिला कलक्टर (द्वितीय) जोधपुर (राज०)

(सुरेन्द्र सिंह पुरोहित)
अपर जिला कलक्टर (द्वितीय)
जोधपुर

Signature Not Verified
Digitally signed by Surendra Singh Purohit
Date: 2024.12.17 16:22:16 IST
Reason: SelfAttested